# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 16.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता की पहल पर आज रांची समेत राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रांची के पुलिस लाइन में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता समेत अन्य वरीय अधिकारी लोगों की शिकायतें सुन रहे हैं और उसका समाधान कर रहे हैं।

********************

अंतर्राष्ट्रीय फेडरेशन ऑफ बायोमेडिकल लेबोरेट्री साइंस की ओर से सदर अस्पताल में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि किसी भी इलाज की नींव हमारे लैब टेक्नीशियनों की जांच रिपोर्ट होती है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भी बिना इनकी रिपोर्ट के इलाज शुरू नहीं कर पाते। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोरोना काल में इन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना सेवायें दी, यह उनके समर्पण का प्रमाण है।

********************

धनबाद जिले के तेतुलमारी थानाक्षेत्र में दो चार पहिया वाहनों की आमने–सामने टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में एक चार पहिया वाहन पर सवार तीन लोग गंभीर रूप घायल हो गये और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में आक्रोशित लोगों ने टक्कर मारने वाले वाहन में आग लगा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि टक्कर मारनेवाले वाहन से अवैध रूप से कोयला ढोकर ले जाया जा रहा था।

********************

पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड के सुदूरवर्ती पीएमश्री राजकीयकृत प्लस टू विद्यालय सोहड़ी खास में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विद्यार्थियों और शिक्षकों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान रैली के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छ रहने और आसपास को स्वच्छ रखने पर जोर दिया।

********************

द इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनियर्स इंडिया की जमशेदपुर शाखा की ओर से प्रत्येक वर्ष ओलंपियाड का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष इसका आयोजन उन्नीस और बीस अप्रैल को किया जाएगा। संस्था के पदाधिकारी सतीश कुमार तिवारी और संयोजक एन राजेश कुमार ने आज पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इसका उद्देश्य उत्साही छात्रों के बीच रचनात्मक और नवाचार को बढ़ावा देना है।

********************

पोषण पखवाड़े के तहत राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। लोहरदगा जिले में इसके तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

********************

अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की आज 167वीं शहादत दिवस है। इस मौके पर रांची के धुर्वा गोलचक्कर स्थित अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की आदमकद प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम में शहीद गणपत राय, अमर शहीद शेख भिखारी और तेलंगा खड़िया समेत अन्य शहीदों के परिजन भी शामिल हुए। मौके पर ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के उत्तराधिकारी लाल प्रवीर नाथ शाहदेव ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि हम शहीदों के परिवार से आते हैं।

********************

आईपीएल क्रिकेट में आज डेल्ही कैपिटल्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। यह मैच नई दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

********************

राज्य में चक्रवातीय प्रवाह और निम्न दबाव की वजह से पिछले कुछ दिनों से बारिश का सिलसिला चल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया है कि 19 अप्रैल तक राज्य में बारिश के साथ कई इलाकों में ओलावृष्टि, आंधी और वज्रपात की भी आशंका है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****************